की सूची से अच्छादित है। अंचल अधिकारी, चंदवा द्वारा आवेदिका सहोदरी देवी के हिस्से की भूमि की बिक्री के लिए पूर्वानुमति की अनुशंसा करते हुए विनोद ठाकुर के हिस्से की भूमि को आपतिकर्ता के सहमति के बाद पूर्वानुमति की अनुशंसा किया गया। उक्त जाँच प्रतिवेदन के आलोक में कार्यालय पत्रांक–596 दिनांक–22.04.2024 से आपतिकर्ता का निराकरण करते हुए स्पष्ट जाँच प्रतिवेदन की मांग अंचल अधिकारी, चंदवा से किया गया। उक्त आलोक में अंचल अधिकारी, चन्दवा द्वारा पत्रांक 377 दिनांक 27.04.2024 से उपलब्ध कराये गये जाँच प्रतिवेदन में उल्लेखित किया गया कि आपतिकर्ता का अनुमति के लिए आवेदित भूमि पर हिस्से के अनुसार दखल कब्जा है, जिसके करण भूमि विक्री के विरूद्ध आपति है तथा अंश भाग पर आवेदकगण के अन्य रैयतो का दखल कब्जा एवं उनका आपति है। अंचल अधिकारी, चंदवा से प्राप्त उक्त जाँच प्रतिवेदन पर कार्यालय पत्रांक–1310 दिनांक–09.10.2024 से अनुमति के लिए आवेदित भूमि पर आवेदकगण के अलावे अन्य कौन–कौन रैयतो का भूमि पर दखल कब्जा है तथा उनका उक्त भूमि पर अधिकार है या नहीं? से संबंधित जाँच प्रतिवेदन की माँग की गई। उक्त आलोक में अंचल अधिकारी, चन्दवा द्वारा पत्रांक 887 दिनांक 18.11.2024 से उपलब्ध कराये गये जाँच प्रतिवेदन में आवेदकगण का रकबा–01.28 $^1/_2$ एकड़ भूमि पर दखल कब्जा होने का उल्लेख करते हुए पूर्वानुमति की अनुशंसा किया गया। अंचल अधिकारी, चंदवा के जाँच प्रतिवेदन के साथ संलग्न दस्तावेज जो अंचल अधिकारी, चंदवा द्वारा हस्ताक्षरित है के अवलोकन से प्रतीत होता है कि हाल सर्वे के अनुसार अनुमति के लिए प्रस्तावित भूमि का गत सर्वे खाता सं0–149 प्लॉट सं0–1794 रकबा–0.38 एकड़ भूमि निबंधित केवाला सं0–781 दिनांक–08.05.1976 से विक्रेता चिन्ता देवी जौजे सुदर्शन ठाकुर के द्वारा क्रेता शराफत हुसैन वल्द दुखी मियाँ के साथ विक्री की गई है, जिसका नामान्तरण वाद सं0–51/79–80 द्वारा C.S. मांगपंजी–II के पेज सं0–481 पर क्रेता के नाम से जमाबंदी कायम है। उक्त

भूमि पर आवेदकगण के अलावे रम्भा देवी का प्लॉट सं0–2115 रकबा–0.19 एकड़ प्लॉट सं0–2116 रकबा–$0.03^{1}/_{2}$एकड़ पर, अकबर हुसैन वो असगर हुसैन का प्लॉट सं0–2115 रकबा–0.38 एकड़ पर, चिन्ता देवी का प्लॉट सं0–2116 रकबा–0.07 एकड़ पर तथा लुटू उराँव पिता– स्व0 एतवा उराँव का प्लॉट सं0–2115 रकबा–0.16 एकड़ पर दखल कब्जा है।

इस प्रकार आवेदकगण द्वारा वास्तविक तथ्यों को छुपाकर मौजा–चकला के खाता नं0–234, प्लॉट नं0–2115, रकबा–1.10 एकड़ एवं प्लॉट नं0–2116, रकबा–0.41 एकड़ कुल रकबा–1.51 एकड़ भूमि के अनुमति के लिए आवेदन दाखिल किया गया है।

उपरोक्त परिपेक्ष्य में आवेदिका सहोदरी देवी पति–स्व0 श्याम सुन्दर ठाकुर वो विनोद ठाकुर पिता–स्व0 बलराम ठाकुर निवासी ग्राम+पो0–चकला, थाना–चन्दवा, जिला–लातेहार द्वारा अनुमति के लिए दाखिल आवेदन को अस्वीकृत किया जाता है।

आदेश की प्रति उभय पक्ष एवं अंचल अधिकारी, चन्दवा को उपलब्ध करायें।

अभिलेख को जिला अभिलेखागार में जमा करें।

लिखाया एवं शुद्ध किया।

उपायुक्त,
लातेहार।

उपायुक्त,
लातेहार।

Digitally signed by UTKARSH GUPTA
Date: 2025.05.14 14:47:01 +05:30
Location: 192.168.137.1